तापमान

अधिकतम 33 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री


# हरिभूमि धमतरी भूमि

रायपुर, गुरुवार 19 मार्च 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



11 बारिश और ओलावृष्टि से गांवों में 'कश्मीर' जैसा नजारा ...


12 निर्माणाधीन मकान के उपर से गुजरे हाईटेंशन तार के करंट ...




## खबर संक्षेप

### उल्लास नवभारत साक्षरता महापरीक्षा 22 को



**धमतरी।** जिले में साक्षरता को जन आंदोलन का रूप देने उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक आकलन परीक्षा (एफएलएनएटी) का आयोजन 22 मार्च को किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के अध्यक्ष अबिनाश मिश्रा ने जिले के शिक्षार्थियों से परीक्षा में उत्साहपूर्वक भाग लेने की अपील की है। कलेक्टर ने अपने संदेश में कहा कि वर्तमान विकसित समाज में अशिक्षा एक बड़ी बाधा है, जिसे दूर करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।

### शहर के 438 गरीबों को मिलेगा पक्का घर



- नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग से मिली करोड़ों की स्वीकृति

**धमतरी।** शहर के 438 जरूरतमंद परिवारों को जल्द ही सुव्यवस्थित आवास मिलने जा रहा है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा करोड़ों रुपये की स्वीकृति मिलने से आवास निर्माण कार्य को गति मिलेगी। महापौर रामू रोहरा ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत 182 यूनिट के लिए 674.43 लाख रुपये और 256 यूनिट के लिए 892.54 लाख रुपये की तकनीकी स्वीकृति मिली है। इस योजना से महिमासागर और विंध्यवासिनी क्षेत्र के अधूरे आवास भी पूर्ण किए जाएंगे। महापौर ने विष्णुदेव साय, अरुण साव और टंकराम वर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह धमतरी के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

### कर्मा महोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 22 को



**पुरूर(धमतरी)।** ग्राम चिटौद में पुरूर परिक्षेत्र स्तरीय भक्त मां कर्मा महोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 22 मार्च को किया गया है। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक प्रीतम साहू होंगे। अध्यक्षता जिला साहू संघ अध्यक्ष महेन्द्र साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि मिथिलेश साहू तहसील अध्यक्ष, किशोरी साहू, खेदूराम साहू, जानकी सोनबेर, जनपद अध्यक्ष सुनीता साहू, जिला पंचायत सदस्य तेजराम साहू, लक्ष्मीचंद, सरपंच तीरथ यादव होंगे।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक युवक ने पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस व परिजनों के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम तरसींवा निवासी गोपीराम निर्मलकर पिता जगनुराम उम्र 24 वर्ष पिकअप चलाने का काम करता था। मंगलवार की दोपहर युवक घर से लगभग सौ मीटर की दूरी पर स्थित खेत में जाकर आम पेड़ में नायलोन रस्सी का फंदा बना फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी होने पर परिजनों ने अर्जुनी पुलिस को सूचना दी। पुलिस घटनास्थल पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया गया। युवक द्वारा फांसी लगाने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

# राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री के नाम से भक्तों ने जलाई आस्था की ज्योति

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शहर की अधिष्ठात्री देवी जगत जननी मां बिलाई माता मंदिर में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। इस वर्ष देश के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम से भक्तों ने ज्योति कलश प्रज्वलित कराए हैं।

मंदिर में न केवल देश बल्कि विदेशों से भी भक्तों की गहरी आस्था देखने को मिल रही है। अमेरिका, कनाडा, दुबई और ऑस्ट्रेलिया में बसे श्रद्धालु भी हर वर्ष की तरह इस बार भी मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित करवा रहे हैं। इससे मां बिलाई माता की ख्याति का विस्तार देश की सीमाओं से परे भी स्पष्ट रूप से नजर आता है।



## बिलाई माता मंदिर में देश-विदेश से उमड़ी श्रद्धा



विंध्यवासिनी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष आनंद पवार ने बताया कि क्वांर और चैत्र नवरात्रि में हर साल हजारों की संख्या में भक्त ज्योति कलश प्रज्वलित कराते हैं। पिछले वर्षों की तुलना में इस बार संख्या में और बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि सच्चे मन से मां को पुकारने पर हर मनोकामना पूर्ण होती है। यही कारण है कि दूर-दराज से श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं।

उन्होंने जानकारी दी कि 19 मार्च को गोधूलि बेला में ज्योति कलश प्रज्वलन किया जाएगा। नवरात्रि के दौरान मंदिर परिसर में सुबह से शाम तक भक्तों की भीड़ उमड़ने की संभावना है। इसे ध्यान में रखते हुए मंदिर ट्रस्ट द्वारा सुरक्षा और व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

नवरात्रि पर्व के दौरान बिलाई माता मंदिर श्रद्धा, भक्ति और विश्वास का केंद्र बन गया है, जहां हर दिन आस्था की ज्योति और अधिक प्रज्वलित हो रही है।

### छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के बैनर तले निकली रैली

# दर्जनों मांगें, पूरी एक भी नहीं कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

महंगाई भत्ता, एरियर्स को लेकर छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन ने जोरदार प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने गांधी मैदान से एसडीएम कार्यालय तक जंगी रैली निकाली और अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की।

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रदेश स्तरीय आह्वान पर धमतरी सहित पूरे प्रदेश में कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने बुधवार को जिला एवं ब्लॉक मुख्यालयों में भोजन अवकाश के दौरान जंगी प्रदर्शन किया। धमतरी में भी आयोजित ब्लाकस्तरीय प्रदर्शन में बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए और अधिकारों के लिए आवाज बुलंद करते हुए ज्ञापन सौंपा। फेडरेशन के जिला संयोजक चन्दूलाल चन्द्राकर ने बताया कि लंबे समय से लंबित मांगों के निराकरण के लिए यह प्रदर्शन किया गया। फेडरेशन की प्रमुख मांगों में मोदी की गारंटी के अनुसार जुलाई 2016 से लंबित महंगाई भत्ता एरियर्स की राशि कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में समायोजित करने, प्रदेश में चार स्तरीय पदोन्नत समयमान वेतनमान क्रमशः 8, 16, 24 एवं 32 वर्ष में प्रदान करने, मध्यप्रदेश की भांति अर्जित अवकाश नगदीकरण 300 दिवस करने की मांग प्रमुख रूप से शामिल है।

रैली में मुकेश पाण्डेय, चन्दूलाल चन्द्राकर, अमित महोबे, एनआर टण्डन, खुमान सिंह ठाकुर, राजकुमार सिन्हा, महेन्द्र कुमार साहू, हर्षल मोहिते, एपीसाहू, डीनएन साहू, गिरीश कुमार सोनी, दीपक ठाकुर, अजय पाण्डेय, रमशीला साहू, जितेन्द्र नेताम, वासुदेव भोई, संदीप राव, अमित नागेश, देवाराम मरकाम, दुर्गाशंकर सान्डेल, संजय चन्द्राकर, व्हीपी चन्द्रा, सुमति साहू एवं अन्य कर्मचारी मौजूद थे।



#### पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग

फेडरेशन ने लिपिकों, शिक्षकों, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित विभिन्न संवर्गों की वेतन विसंगतियों को दूर करने हेतु पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग की है। शिक्षकों की प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना कर समस्त सेवा लाभ देने तथा सहायक शिक्षकों एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों को त्रिस्तरीय समयमान वेतनमान प्रदान करने की मांग भी उठाई।

#### निःशर्त हो अनुकंपा नियुक्ति

फेडरेशन ने अनुकंपा नियुक्ति को निःशर्त लागू करने, 10 प्रतिशत की वर्तमान सीमा समाप्त कर सीधी भर्ती के समस्त पदों पर अनुकंपा नियुक्ति देने, पंचायत सचिवों का शासकीयकरण करने तथा नगरीय निकाय के कर्मचारियों को नियमित मासिक वेतन और समयबद्ध पदोन्नति देने की भी मांग की है। विभागों में कर्मचारियों की कमी को देखते हुए सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष करने, कार्यभारित, दैनिक वेतनभोगी, अनियमित एवं संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण करने, आधार आधारित उपस्थिति प्रणाली एवं सेवानिवृत्ति उपरांत संविदा नियुक्ति तत्काल बंद करने की मांग की है।

# हार के आगे जीत है : डायमंड

- पॉलीटेक्निक कॉलेज रूद्री में हुआ वार्षिकोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी





भोपालराव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज रूद्री में धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम को आगाज नाम दिया गया, जिसमें छात्रों ने खूब एंजॉय किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डायमंड ध्रुव थे, जो संघ लोक सेवा आयोग में चयनित हुए हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विवेक चौधरी एचआर हेड शारडा एनर्जी एंड मिनरल लिमिटेड ने की। मुख्य अतिथि श्री ध्रुव ने विद्यार्थियों को निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि असफलता के बाद ही सफलता प्राप्त होती है, इसलिए छात्रों को अपने कर्म और संघर्ष को लगातार जारी रखना चाहिए। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी मातृभाषा के साथ-साथ हिंदी, छत्तीसगढ़ी एवं अंग्रेजी भाषा पर अच्छी पकड़ बनाने की सलाह दी, जिससे भविष्य में किसी प्रकार की संचार संबंधी कठिनाई न हो। उन्होंने यह भी कहा कि जब विद्यार्थी आत्मनिर्भर बन जाएं, तो अपने समाज के विकास में भी योगदान दें।

#### शारडा में मिलेगा रोजगार

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विवेक चौधरी ने विद्यार्थियों को कॉर्पोरेट जगत की कार्यप्रणाली से अवगत कराया तथा विद्यार्थियों को उद्योगों की अपेक्षाओं के बारे में जानकारी दी। शारडा एनर्जी और बीआरपी पालीटेक्निक के बीच हुए एमओयू का उल्लेख करते हुए आश्वासन दिया कि शारडा एनर्जी एंड मिनरल प्राइवेट लिमिटेड रायपुर द्वारा इस सत्र में लगभग 20 छात्र-छात्राओं को रोजगार प्रदान किया जाएगा तथा शीघ्र ही पुनः कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया जाएगा।

#### खूब किया एंजॉय

वार्षिकोत्सव में छात्र छात्राओं ने खूब एंजॉय किया। कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए, जिसमें छात्र-छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुति दी। संपूर्ण कार्यक्रम प्राचार्य अमित मिश्रा के निर्देशन एवं संदीप सिंह के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर संस्था के चंद्रेश देशमुख, विनोद सांगोढ़े, कुंदन, लाजिम कुर्रे, हेमप्रकाश वर्मा, चंद्रशेखर मंडावी, पंकज कुमार सिन्हा, श्रीमती डॉली डड़सेना, दिव्यांशु देवांगन, देवेंद्र कुंभकार, मुकेश केशरी, जीआर साहू सहित अन्य प्राध्यापकगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# क्रूरतापूर्वक पशुओं का परिवहन करते तीन आरोपी गिरफ्तार

- अर्जुनी पुलिस ने की कार्रवाई, 1.20 लाख के चार बैल जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बिना चारापानी के क्रूरतापूर्वक पशुओं का परिवहन कर रहे तीन आरोपियों को अर्जुनी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1.20 लाख रुपए कीमत के चार बैल को जब्त किया है।

अर्जुनी थाना को मुखबिर से ग्राम कोलियारी स्थित सेठिया फार्म के पास कुछ व्यक्तियों के द्वारा पशुओं का अवैध रूप से बिना चारा पानी के रस्सियों से बांधकर क्रूरतापूर्वक परिवहन किए जाने की सूचना मिली। प्राप्त सूचना को गंभीरता से लेते हुए टीम तत्काल मौके पर पहुंची जहां तीन आरोपियों को 4 नग बैल को अमानवीय तरीके से ले जाते हुए पाया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लगभग 1 लाख 20 हजार रुपए कीमत के चार बैल को सुरक्षित जब्त किया।



पुलिस ने आरोपी भीखम यादव पिता बनवाली उम्र 45 वर्ष ग्राम दर्री थाना अर्जुनी, थानसिंह साहू पिता नवल उम्र 51 वर्ष ग्राम डबरी थाना पुरुर जिला बालोद व डम्मन साहू पिता बिसाली उम्र 52 वर्ष ग्राम कलारतराई थाना अर्जुनी निवासी को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ 4, 6, 10 छत्तीसगढ कृषक पशु अधिनियम 2004 एवं धारा 11 पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 के तहत वैधानिक कार्रवाई की है।

## आज से जलेगी आस्था की ज्योति

### नवरात्रि पर मंदिरों में उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़

**धमतरी।** चैत्र नवरात्रि आज 19 मार्च से प्रारंभ होने जा रही है, जिसके साथ ही शहर के देवी मंदिरों में आस्था की ज्योति प्रज्वलित होगी। नवरात्रि के पहले दिन से ही सुबह और शाम श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की संभावना है। दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में भक्त दर्शन के लिए पहुंचेंगे, जिससे मंदिरों में विशेष चहल-पहल देखने को मिलेगी। नवरात्रि को लेकर मंदिरों की सजावट पूरी कर ली गई है। रंग-रोगन, पेंट-वार्निश और साफ-सफाई का कार्य संपन्न हो चुका है। ज्योति कलश की स्थापना के लिए कक्षों की साफ-सफाई कर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।



इधर, बाजारों में भी रौनक बढ़ने लगी है। मंदिरों के आसपास नारियल, फूल, चुनरी और पूजा सामग्री की दुकानें सज गई है। पूरे शहर में भक्तिमय वातावरण बनने लगा है और नौ दिनों तक पूजा-अर्चना का सिलसिला जारी रहेगा।

# गोकुलपुर में अवैध प्लॉटिंग पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



नगर निगम एवं राजस्व विभाग द्वारा संयुक्त रूप से अवैध प्लॉटिंग के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए गोकुलपुर वार्ड (लाइवलीहुड कॉलेज के पीछे) क्षेत्र में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई कलेक्टर के निर्देश पर हुई।

जांच के दौरान पाया गया कि राजेन्द्र यदु, युगलकिशोर यदु एवं पवन कुमार यदु पिता रामकुमार यदु द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि खसरा क्रमांक 37/2 में शामिल 38/2, 3715, 78/11 रकबा 1.011 हेक्टेयर तथा खसरा क्रमांक 3715 में शामिल 30/5 रकबा 0.2740 हेक्टेयर भूमि पर बिना अनुमति अवैध प्लॉटिंग की जा रही थी। इसके अतिरिक्त विनोद पिता आसनदास एवं श्रीमती प्रियंका पति विनोद आडवानी की स्वामित्व वाली भूमि खसरा क्रमांक 78/20, 78/29 रकबा 0.2022 हेक्टेयर में भी अवैध रूप से प्लॉट विकसित करने के उद्देश्य से मुरुम डालकर सड़क निर्माण किया गया था। संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध रूप से निर्मित मार्ग को जेसीबी मशीन के माध्यम से ध्वस्त किया तथा उपयोग में लाई गई मुरुम एवं अन्य सामग्री को जब्त किया।

### सोरिद नगर की घटना, चोरी के जेवर व नकद हुए बरामद

# किराना दुकान व घर में हुई चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सोरिद नगर में घर के साथ लगी किराना दुकान में चोरी करने वाले आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से चोरी के जेवर व नकदी बरामद की गई है।

पुलिस के अनुसार स्थानीय सोरिद नगर शांति चौक निवासी नूपेंद्र मगेंद्र उम्र 23 वर्ष बीते 14 मार्च को घर एवं दुकान में ताला लगाकर परिजनों के साथ शादी कार्यक्रम में शामिल होने ग्राम सेमरा सी गए थे। दूसरे दिन पूरा परिवार शादी कार्यक्रम से वापस घर पहुंचा। दुकान का ताला टूटा मिला तथा भीतर रखे सोने के जेवर व नकदी की चोरी हो चुकी थी। चोरी गए सामानों में सोने का हार, मंगलसूत्र, अंगूठी, कान के जेवर एवं लगभग 60 हजार रुपए कुल 2 लाख 27 हजार रुपए शामिल है। पीड़ित युवक की शिकायत पर कोतवाली थाना में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 331/3, 305/2, 3/5 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी गई। घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण व लगातार पतासाजी के दौरान पुलिस को एक संदिग्ध व्यक्ति को शांति कॉलोनी के पास छिपने की सूचना मिली। पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ पूछताछ की। इस दौरान संदेही ने अपना नाम चेतन देवांगन बताया। कड़ाई से पूछताछ करने पर उक्त युवक ने 14 मार्च की रात दुकान में घुसकर चोरी करना स्वीकार किया।



#### पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा

आरोपी चेतन देवांगन से पूछताछ करने पर खुलासा हुआ कि वह पीड़ित नूपेंद्र के मोहल्ला शांति चौक सोरिद नगर में रहता है। चोरी की घटना में उसका परिवार भी शामिल है। आरोपी ने चोरी के जेवर अपनी मां के पास रखने एवं चोरी की रकम का उपयोग अपने व्यक्तिगत खर्च एवं मोबाइल खरीदने में करना बताया। पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी के घर से चोरी गए सोने के जेवर, नकदी 3500 रुपए व चोरी की रकम से खरीदे गए मोबाइल फोन को बरामद किया। जांच में आरोपी का परिवार व अन्य सदस्यों की भी संलिप्तता पाई गई। पुलिस ने आरोपी चेतन देवांगन पिता देवानंद उम्र 20 वर्ष, बड़ा भाई लक्ष्मीकांत देवांगन 25 वर्ष व मां टिकेश्वरी देवांगन 40 वर्ष तीनों शांति चौक सोरिद नगर निवासी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया जहां से आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

# ब्रेक फेल होने से ट्रक कार से टकराया, सवार सुरक्षित



- मरकाटोला के पास हुई घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नेशनल हाईवे से गुजर रहा ट्रक अचानक ब्रेक फेल हो जाने से सामने से आ रही कार को जोरदार टक्कर मार पलट गया। इस घटना में कार में सवार सभी लोग बाल-बाल बच गए।

मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह खाद की बोरियों से लदा ट्रक नेशनल हाईवे से होते हुए चारामा की तरफ जा रहा था तभी मरकाटोला घाटी के पास अचानक ट्रक का ब्रेक फेल हो गया। ब्रेक नहीं लगने से ट्रक हाईवे पर दौड़ रहा था। इसी दौरान चारामा की तरफ से एक कार पुरूर की तरफ आ रही थी। बिना ब्रेक के दौड़ रहा अनियंत्रित ट्रक कार को जोरदार टक्कर मारने के बाद सड़क पर पलट गया। वहीं ट्रक की टक्कर से कार भी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। इस घटना में ट्रक चालक व कार में सवार लोगों को मामूली चोट लगी है जिन्हें उपचार के लिए चारामा अस्पताल पहुंचाया गया।

## अंचल की खबरें

### ठेठवार समाज के दादू जिलाध्यक्ष व सचिव जगन्नाथ बने



**धमतरी।** जिला ठेठवार समाज का वार्षिक सम्मेलन एवं चुनाव संपन्न हुआ। अध्यक्ष पद के लिए दादू यदु (रत्नाबांधा) और रामेश्वर यदु (पुरी) के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें दादू यदु 17 मतों से विजयी रहे। वहीं सचिव पद पर जगन्नाथ यदु (मड़ाईभाठा) और घनश्याम यदु (रावनगुड़ा) आमने-सामने थे, जिसमें जगन्नाथ यदु ने 29 मतों से जीत हासिल की। कार्यक्रम में निवृत्तमान अध्यक्ष मुरारी यदु सहित समाज के कई गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

### कलारतराई स्कूल में हुआ न्योता भोज



**धमतरी।** प्राथमिक शाला व माध्यमिक शाला कलारतराई के छात्र-छात्राओं को ग्राम के वरिष्ठ नागरिक नंदकुमार मानिकपुरी ने अपने 75वें जन्मदिन के अवसर पर न्योता भोज कराया। उन्होंने बच्चों को खीर पूड़ी खिलाई। इस दौरान उपसरपंच माधवेंद्र साहू, शिक्षक सतीश साहू, रामकुमार साहू, प्रकाश निर्मलकर, शाला विकास समिति के सदस्य उर्मिला साहू, केसनी साहू, वीरेंद्र मानिकपुरी, कांति मानिकपुरी उपस्थित थे।

### बनबगौद में कर्मा जयंती पर निकली कलश यात्रा



**कुकरेल** धमतरी। ग्राम बनबगौद में ग्रामीण साहू समाज द्वारा कर्मा जयंती का पर्व श्रद्धा, उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर शामिल हुई। कलशयात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए बाजार चौक स्थित सामाजिक भवन पहुंची, जहां विधिविधान से पूजा अर्चना की गई। श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में सरपंच, उपसरपंच, पंचगण, ग्रामीण समाज के पदाधिकारी तथा जनप्रतिनिधियों का सहयोग मिला।

### धोबी समाज के जिला अध्यक्षों ने की महापौर से मुलाकात



**धमतरी।** धोबी समाज के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष मंगलू निर्मलकर और महिला शाखा की जिला अध्यक्ष श्रीमती नीलू रजक ने नगर निगम महापौर रामू रोहरा से मुलाकात की। इस दौरान समाज के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे। मुलाकात के दौरान अध्यक्षों ने महापौर को समाज के संगठनात्मक गतिविधियों और आगामी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने समाज के विकास, सामाजिक एकता और जनहित कार्यों में महापौर से सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की। महापौर रामू रोहरा ने कहा कि उनके नेतृत्व में धोबी समाज नई ऊंचाइयों को छुएगा। उन्होंने समाज के उत्थान के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया और नगर निगम द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने के लिए मिलकर कार्य करने की बात कही।

### स्व. कृदत्त की जन्म जयंती पर प्रसादी का वितरण



**धमतरी।** नगर के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के पूर्व प्रांत संघ चालक स्व. बाबू पंढरीराव कृदत्त की 104 वीं जन्म जयंती के अवसर पर महात्मा गांधी वार्ड के कंडरा पारा के बजरंग बली मंदिर एवं शिव मंदिर में संध्या आरती एवं प्रसादी का वितरण किया गया। मौके पर राकेश जाधव जिला सह व्यवस्था प्रमुख, स्वयंसेवक त्रिलोकी मीनपाल, कोमल सार्वा, अमित साहू, अंकित दुबे, गुलशन, कमल, राकेश ने प्रसादी का वितरण किया। राकेश जाधव ने कहा कि इस दुनिया में नहीं रहने के बावजूद कई लोग अपने अच्छे कार्यों के कारण याद किए जाते हैं जिसे बाबूजी ने चरितार्थ किया है। आरती कार्यक्रम में नन्हे बच्चों के साथ मातृशक्तियां भी उपस्थित रहीं।

### नवोदय में अनुराग का चयन

**डांडेसरा(धमतरी)।** शासकीय प्राथमिक शाला कातलबोड़ से अनुराग पिता अनिल साहू का नवोदय विद्यालय में चयन हुआ है। अनुराग साहू कक्षा 5वीं का छात्र है। 90 अंक के साथ जिले में 28 वें नम्बर पर है। उनके चयन पर सरपंच मिलनराम साहू, उपसरपंच संतोष साहू, प्राथमिक शाला की प्रधानपाठिका दीपक जांगड़े, माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक महेंद्र कुमार साहू, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष बरातू राम साहू, शिक्षक डीपी, हेमंत कौशल तुमन साहू, आरती पटेल, संकुल प्राचार्य चंद्रकुमार मनहर, अजय निषाद तथा संकुल के शिक्षकों ने हर्ष जताया है।



## अंचल में बदला मौसम का मिजाज

# बारिश और ओलावृष्टि से गांवों मे 'कश्मीर' जैसा नजारा दिखा

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



नगरी अंचल में पिछले कुछ दिनों से मौसम का मिजाज पूरी तरह बदला हुआ नजर आ रहा है। अचानक हो रहे इस परिवर्तन का असर क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में साफ देखा जा रहा है, जहां कभी तेज धूप तो कभी बारिश और ओलावृष्टि का दौर जारी है।

बीते चार दिनों में मौसम ने कई बार करवट बदली। सोमवार को दोपहर के समय तेज बारिश हुई, जबकि मंगलवार को दोपहर से ही आसमान में काले बादल छाए रहे। शाम होते-होते बादलों की गरज-चमक के साथ कई स्थानों पर तेज बारिश और ओलावृष्टि दर्ज की गई।

करैहा, गट्टासिली, बोरई, जैतपुरी सहित आसपास के गांवों में ओलावृष्टि के बाद ऐसा अद्भुत दृश्य देखने को मिला, मानो किसी पहाड़ी क्षेत्र में बर्फबारी हुई हो। खेतों, सड़कों और पेड़ों की शाखाओं पर जमे ओलों की सफेद परत ने पूरे इलाके को एक अलग ही रूप दे दिया। यह नजारा इतना मनमोहक था कि स्थानीय लोग इसे कश्मीर जैसा दृश्य बताने लगे।

बुधवार को भी दोपहर से मौसम ने करवट ली और शाम होते-होते तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश हुई। बारिश के चलते सड़कों के किनारे पानी भर गया और जनजीवन कुछ समय के लिए प्रभावित रहा।

मंगलवार की सुबह ठंडी हवाओं के बीच जब सूर्य की किरणें ओलों से ढंकी सफेद परत पर पड़ीं, तो पूरा क्षेत्र चमक उठा। हल्की धुंध और ठंडक ने वातावरण को और भी आकर्षक बना दिया, जिससे यह दृश्य किसी पर्यटन स्थल जैसा प्रतीत हुआ।

हालांकि इस अचानक मौसम परिवर्तन ने जहां लोगों को प्राकृतिक सौंदर्य का अनोखा अनुभव कराया, वहीं किसानों की चिंता भी बढ़ा दी है। ओलावृष्टि और बारिश से फसलों को नुकसान की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय लोग अब मौसम के स्थिर होने की उम्मीद कर रहे हैं, ताकि जनजीवन और खेती-किसानी सामान्य हो सके।

## प्रधानपाठक के पद पर पदोन्नति आदेश जारी, काउंसलिंग से हुई पदस्थापना



- सहायक शिक्षक फेडरेशन का प्रयास रंग लाया

**धमतरी।** जिले में प्राथमिक शाला प्रधान पाठक के रिक्त पदों पर पदोन्नति हेतु सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन जिला इकाई धमतरी द्वारा विगत कई माह से लगातार ज्ञापन सौंपकर मांग की जा रही थी। 11 मार्च को पदोन्नति आदेश जारी होते ही मांग पूरी हो गई। जिलाध्यक्ष दौलत ध्रुव ने बताया कि ई संवर्ग के 18 सहायक शिक्षक को तथा टी संवर्ग के 14 सहायक शिक्षक को प्राथमिक शाला प्रधानपाठक के पद पर पदोन्नति दी गई है। जिसकी पदस्थापना काउंसलिंग के माध्यम से की गई। खास बात यह है कि नवंबर 2022 से लेकर अब तक चौथी बार प्राथमिक शाला प्रधानपाठक के पद पर पदोन्नति दी गई है। पदोन्नति के लिए सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने जिला शिक्षा अधिकारी का आभार व्यक्त किया है। इनमें प्रांतीय संगठन महामंत्री राजेन्द्र वर्मा, प्रांतीय प्रवक्ता हुलेश चंद्राकर, भेषज साहू, नवीन मार्कंडेय, लुकेश साहू, ममता प्रजापति, तेजलाल साहू, टेमन साहू, परमेश्वर साहू, प्रकाशचंद साहू, चम्पेश्वर साहू, दुष्यंत सिन्हा, तुकलेश साहू, प्रकाशचंद कुंजाम, चंद्रहास सिन्हा, फलेश्वर कुर्रे, दीपक, देवेंद्र नागवंशी, सूरज कंवर, शिवानी रावत, भुनेश्वरी ध्रुव, गौतम साहू, ऊषा ध्रुव, भगवती मरकाम शामिल हैं।

## सिवनीकला में श्रीमद् भागवत महापुराण का समापन





**सिर्री।** ग्राम सिवनीकला में धर्मप्रेमी परिवार के सहयोग से संगीतमय श्रीमद भागवत महापुराण कराया गया। समापन दिवस पर सैकड़ों श्रद्धालुउ पस्थित हुए। कथावाचक राष्ट्रीय प्रवक्ता लाडली रूचिता तिवारी ने गीता सार सुनाया। उन्होंने महाभारत की कथा सुनाई और कहा कि इस जन्म में हम जिसे अपने सगे संबंधी मानते हैं, वह पिछले जन्म में कौन थे किसी को नहीं पता। इसी तरह किसी संबंधी की मृत्यु हो जाने पश्चात वह सांसारिक माया मोह से मुक्त हो जाता है। उनके निधन पर परिजन कुछ दिनों तक अवश्य विलाप करते हैं। लेकिन सृष्टि में भगवान कृष्ण की माया इतनी प्रबल है कि हम अपने ही सगे संबंधियों को कुछ दिनों के विलाप के बाद भूलते जाते हैं और फिर से हंस खिल उठते हैं। समापन दिवस पर हवन पूजन कर तुलसी वर्षा की गई। महाआरती के साथ भागवत भजन किया गया, जिसमें श्रद्धालु झूमते नाचते नजर आए। भक्तों को भोजन प्रसादी का वितरण किया गया।

## आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति, संचालन एवं गुणवत्ता की समीक्षा

- जिपं में महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता स्थायी समिति की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जिला पंचायत में महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग की स्थाई समिति की बैठक जिला आयुष पाली क्लिनिक में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति की सभापति मोनिका देवांगन ने की।

बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति, संचालन एवं गुणवत्ता की समीक्षा की गई। पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों की प्रगति पर चर्चा करते हुए कुपोषण मुक्ति हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। विभाग की प्रमुख योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया गया।

जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं उपस्वास्थ्य केंद्रों की व्यवस्थ की समीक्षा की गई। स्वास्थ्य केंद्रों में स्वीकृत पद एवं पदस्थ स्वास्थ्य कर्मी की जानकारी एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत प्राप्त संसाधनों के उपयोग एवं उपलब्धता पर चर्चा की गई। सीजी एमएससी के कार्यों, दवाओं की उपलब्धता, जांच सेवाओं एवं स्वास्थ्य शिविरों की प्रगति की जानकारी ली गई। विशेष स्वास्थ्य अभियानों एवं स्वास्थ्य शिविरों की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। निजी अस्पतालों की कार्यप्रणाली, पंजीयन, मानकों के पालन एवं मरीजों को दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता पर निगरानी की समीक्षा की गई।

स्वच्छता विभाग अंतर्गत विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों एवं जन-जागरूकता अभियानों की समीक्षा की गई। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अंतर्गत जल प्रदाय योजनाओं की स्थिति, निर्माण कार्यों की प्रगति एवं ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था की तैयारियों की समीक्षा की गई। अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

फूड एवं ड्रग्स विभाग अंतर्गत खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, मिलावट की रोकथाम एवं नियमित जांच की समीक्षा की गई। बाजारों में खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन, लाइसेंसिंग एवं निरीक्षण की स्थिति पर चर्चा की गई। मेडिकल स्टोर्स में नशीली दवाइयों के विक्रय पर लगाम कसने जांच के लिए सख्त निर्देशित किया गया।

आयुष विभाग अंतर्गत आयुर्वेद, अन्य पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों की समीक्षा की गई। आयुष स्वास्थ्य केंद्रों की कार्यप्रणाली, दवाओं की उपलब्धता एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों की प्रगति पर चर्चा की गई। बैठक में महिला एवं बाल विकास स्थाई समिति की सदस्य धनेश्वरी साहू, मीना साहू, महिला एवं बाल विकास विभाग से जगरानी एक्का, सीएमएचओ डॉ. यू एल कौशिक सिविल सर्जन एके टोंडर, डीपीएम डॉ. प्रिया कंवर, हॉस्पिटल मैनेजर डॉ.गिरीश कश्यप, स्वच्छता विभाग से रवींद्र वर्मा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से आशालता गुप्ता, आयुष विभाग से डॉ कृपाराम ठाकुर, डॉ. पचौरी, फूड एंड ड्रग्स से फणिश्वर पिथौरा, सर्वेश्वर यादव उपस्थित थे। सभापति श्रीमती मोनिका देवांगन ने कहा कि जिला पंचायत का मुख्य उद्देश्य आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। सभी विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें, जिससे शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके।

## उपभोक्ताओं को बकाया बिल में मिली राहत



हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

छत्तीसगढ़ शासन की बिजली बिल भुगतान समाधान योजना के तहत 18 मार्च को कुरूद संभाग में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अभियंता संजीव सिंह, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता सहित बड़ी संख्या में उपभोक्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अभियंता ने योजना की जानकारी देते हुए बताया कि उपभोक्ताओं को बकाया राशि के मूलधन एवं अधिभार में विशेष छूट प्रदान की जा रही है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे योजना का लाभ उठाकर अपने लंबित बिजली बिलों का शीघ्र निराकरण कराएं। शिविर में कुल 33 उपभोक्ता शामिल हुए। इनमें से 10 उपभोक्ताओं के 1,21,920 रुपए के बकाया के विरुद्ध 82,950 रुपए की राहत दिए जाने की जानकारी दी गई, जिससे उपभोक्ताओं में उत्साह देखा गया। योजना के माध्यम से उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत मिलने के साथ ही बिजली बिलों के नियमित भुगतान के प्रति जागरूकता भी बढ़ रही है। कार्यक्रम में लाभान्वित उपभोक्ताओं का सम्मान किया गया।

## पत्रकारों ने देखी विधानसभा की कार्रवाई



**धमतरी।** बुधवार को शहर के पत्रकार विधानसभा की कार्रवाई देखने राजधानी रायपुर पहुंचे। नए विधानसभा भवन में पत्रकार दीर्घा में बैठकर कुरूद विधायक अजय चंद्राकर, धमतरी विधायक ओंकार साहू को सदन में बोलते हुए देखा और सुना। हरिभूमि ब्यूरो चीफ उमेश सिंह बशिस्ट, पत्रकार राममिलन साहू, जुनैद रिजवी, रोशन सिन्हा, भूपेंद्र निर्मलकर ने धमतरी विधायक ओंकार साहू से सौजन्य भेंट की।

आज तेरहवीं पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि

आपकी मधुर स्मृति, स्नेह आदर्श, मार्गदर्शन, आशीर्वाद
हमारे लिए सदैव प्रेरणादायक रहेंगे...
आपकी पुण्यतिथि पर समस्त परिवारजन भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं
आपका आशीर्वाद एवं स्नेह सदैव बना रहे...



जन्मतिथि 1 दिसम्बर 1959
स्वर्गवास 11 अप्रैल 2013

स्व. श्री लोकनाथ साहू जी
(पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत एवं ब्लाक अध्यक्ष कुरुद)

श्रद्धानवत् - श्रीमती शारदा देवी साहू (पत्नी)
पूर्व अध्यक्ष - जनपद पंचायत कुरूद, प्रदेश सचिव - महिला कांग्रेस छत्तीसगढ़
अध्यक्ष - महिला प्रकोष्ठ राजिम भक्तिन माता समिति साहू समाज राजिम
संरक्षक - तहसील साहू समाज भखारा

ग्राम-मड़ेली, वि.खं.-कुरूद एवं समस्त मित्रगण, क्षेत्रवासी
तथा समस्त साहू परिवार
ग्राम मड़ेली विखं कुरूद, जिला-धमतरी ( छ.ग. )

HEALTH TOWN


DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर)
फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

मेघा में नहर नाली पर अतिक्रमण कर बनाया जा रहा है तीन मंजिला मकान

# निर्माणाधीन मकान के ऊपर से गुजरे हाईटेंशन तार के करंट से ठेकेदार की मौत







हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

मेघा मुख्य चौक पर सिंचाई नाली पर अतिक्रमण कर पक्का मकान बनाया जा रहा है। उसके ऊपर से गुजरे 11 केवी विद्युत लाइन की करंट से 18 मार्च को लगभग दोपहर 2 बजे राज मिस्त्री ठेकेदार की दर्दनाक मौत हुई।

घटना स्थल से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मेघा निवासी गोकुल रामसेन मेघा मुख्य चौक समीप बैंक ऑफ़ बड़ौदा ऑफिस के सामने सड़क किनारे नहर नाली के ऊपर अतिक्रमण कर मकान निर्माण करवा रहा था। ग्राम अरौद निवासी चुम्मन साहू पिता बृजलाल साहू उम्र 27 वर्ष मकान निर्माण करने का ठेका लिया था। तीन मंजिला मकान निर्माण की छत से लगभग 3 फीट की दूरी की नजदीक से 11 केवी हाईटेंशन विद्युत तार गुजरा है। तीन मंजिला मकान में सेप्टिक पाइप लगाते समय विद्युत तार के सम्पर्क में आ जाने से ठेकेदार की मौत हो गई।

## जांच के बाद उचित कार्रवाई होगी

मेघा मुख्य चौक समीप सिंचाई नाली के ऊपर अतिक्रमण कर पक्का मकान बनाने के विषय पर सिंचाई विभाग के ईई एसके चंद्राकर ने कहा कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। इसकी जांच कराई जायेगी। जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## विद्युत विभाग की लापरवाही उजागर

राजमिस्त्री ठेकेदार की मौत के मामले में विद्युत विभाग की लापरवाही की पोल खुल गई । ज्ञात हो कि दुर्घटना स्थल निर्माण के उपर 11 केवी हाईटेंशन की विद्युत लाइन का तार गया है। इस खुले विद्युत तार में विद्युत वायरिंग का पाइप लगाया गया है। विद्युत लाइन में पाइप लगाने का कार्य विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारी की सहमति के बिना संभव नहीं है। इस संबंध में विद्युत विभाग मगरलोड के अधिकारी पंकज मलाडिया से चर्चा करने पर वे गोल-मोल जवाब देकर पल्ला झाड़ रहे हैं।

## 11 केवी तार दे रहा है मौत को आमंत्रण

मेघा मुख्य चौक से ग्राम अरौद की ओर जाने वाले 11 केवी हाईटेंशन विद्युत तार जानलेवा सिद्ध हो रहा है। विद्युत तार से होने वाली यह तीसरी घटना है। ग्राम अरौद निवासी संतराम साहू का पुत्र मकान निर्माण कार्य के दौरान इसकी चपेट में आने से पूरी तरह से झुलस गया था। मजदूर की जान बच गई किंतु अस्वस्थ जीवन जी रहा है। दूसरे मामले में 11 केवी विद्युत लाइन के नीचे मकान में किराए पर रहने वाले राजस्थान के कर्मचारी की विद्युत करंट से मौत हो गई। तीसरा मामला 18 मार्च को मकान निर्माण के समय राजमिस्त्री ठेकेदार की करंट से मौत हो गई।

## अतिक्रमण पर पंचायत की मौन सहमति

मेघा में मुख्य चौक समीप सिंचाई नली के ऊपर अतिक्रमण कर पक्का 3 मंजिला मकान निर्माण की लिखित अनुमति पंचायत एवं सिंचाई विभाग से नहीं ली गई है। बैठक में पंच यक्ष कुमार साहू ने उक्त अतिक्रमण को रोकने व हटाने के लिए विषय को रखा था। बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## कर्मचारियों की मिलीभगत

विभागीय अधिकारी श्री चंद्रवंशीय ने बताया कि विद्युत लाइन पर पाइप डालने जैसे जान जोखिम कार्य में विद्युत कर्मचारियों की मिलीभगत है। जांच कर उचित कार्रवाई की जायेगी। मेघा मुख्य चौक के आसपास दर्जनों जगह में विद्युत लाइनतार के ऊपर प्लास्टिक पाइप लगाया गया है। विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारी जानकर भी अनजान बन रहे हैं।

## शव परिजनों को सौंपा गया

मामले की विवेचना अधिकारी मार्कंडेय ने बताया कि मृतक का पोस्टमार्टम पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मर्ग जांच चल रही है। अभी तक किसी भी प्रकार की कोई नामजद एफआईआर नहीं हुई है।

स्वच्छता सर्वेक्षण 2025

# धमतरी को नंबर वन बनाने निगम ने कसी कमर





- महापौर रामू रोहरा ने बुलाई अहम बैठक, प्रतिनिधियों से सुझाव मांगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 में बेहतर रैंक हासिल करने और शहर को स्वच्छता के मामले में अव्वल बनाने के लिए नगर पालिका निगम धमतरी ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

इसी कड़ी में निगम के सभा कक्ष में महापौर रामू रोहरा एवं स्वास्थ्य विभाग के अध्यक्ष निलेश लूनिया के नेतृत्व में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न एनजीओ, सामाजिक संस्थाओं और समाजसेवियों ने भाग लिया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य शहर में स्वच्छता संबंधी गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार करना रहा। महापौर रामू रोहरा ने स्वच्छता सर्वेक्षण के विभिन्न मापदंडों पर चर्चा करते हुए प्रतिनिधियों से सुझाव आमंत्रित किए। उन्होंने कहा कि धमतरी को स्वच्छता में नंबर-वन बनाने के लिए नगर निगम हरसंभव प्रयास करेगा, लेकिन इसके लिए जनसहभागिता बेहद आवश्यक है।

महापौर ने कहा कि स्वच्छता केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी से ही यह लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने एनजीओ और समाजसेवियों से अपील की कि वे जागरूकता अभियान चलाकर नागरिकों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करें और शहर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग दें। बैठक में कचरा प्रबंधन व्यवस्था को मजबूत करने, डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन, सिंगल यूज प्लास्टिक पर नियंत्रण, सार्वजनिक स्थलों की नियमित साफ-सफाई और नागरिकों की भागीदारी जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा की गई।

साथ ही स्वच्छता के प्रति सकारात्मक माहौल बनाने के लिए विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तैयार की गई। उपायुक्त पीसी सार्वा ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नगर निगम पूरी तरह प्रतिबद्ध है और सभी जरूरी तैयारियां तेजी से की जा रही हैं। बैठक में प्राप्त सुझावों के आधार पर जल्द ही प्रभावी कार्ययोजना लागू की जाएगी।

## मां कर्मा की उतारी आरती

**जीजामगांव।** ग्राम बिरेझर में कर्मा जयंती मनाई गई। इस कार्यकम के मुख्य अतिथि तहसील साहू समाज के अध्यक्ष कृष्णकांत साहू व विशिष्ट अतिथि परिक्षेत्र साहू समाज दरबा के अध्यक्ष रामचंद्र साहू थे। अध्यक्षता ग्रामीण साहू समाज बिरेझर के अध्यक्ष भादू राम साहू ने की।

## पीएम आवास का बहाना या बड़ा खेल ? बिना अनुमति के निर्माण से मचा हड़कंप

- कई वार्डों में धड़ल्ले से बन रहे मकान, स्वीकृति के नाम पर लोगों को किया जा रहा गुमराह

**धमतरी।** शहर के विभिन्न वार्डों में प्रधानमंत्री आवास योजना का नाम लेकर बिना अनुमति मकान निर्माण का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। गोकुलपुर, रामपुर, रुद्री रोड, विंध्यवासिनी, महिमा सागर, दानीटोला, जोधापुर, सोरिद, नवागांव सहित कई क्षेत्र में निजी जमीन पर बगैर अनुज्ञा पत्र के निर्माण कार्य तेजी से जारी है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जब निर्माण कार्य पर सवाल उठाए जाते हैं, तो संबंधित मकान मालिक पीएम आवास स्वीकृत होने का दावा कर लोगों को शांत कर देते हैं। हालांकि क्षेत्रवासियों का कहना है कि कई मामलों में योजना की वास्तविक स्वीकृति ही नहीं हुई है और इसके नाम पर नियमों को दरकिनार कर अवैध निर्माण किया जा रहा है। इस मामले को लेकर नागरिकों ने नगर निगम और जिला प्रशासन से शिकायत करते हुए सूक्ष्म जांच की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो यह प्रवृत्ति शहर में अव्यवस्था को बढ़ावा दे सकती है। इस संबंध में नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि उन्हें शिकायतें प्राप्त हुई हैं और जांच जारी है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिना अनुज्ञा पत्र के किसी भी प्रकार का निर्माण गैरकानूनी है और ऐसे मामलों में नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
04 मई, 07 मई, 11 मई, 16 मई,
25 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर -21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

